प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.07.2025/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भारत का संकल्प वैश्विक चर्चाओं का केंद्र बिंदु है, जो बुनियादी ढाँचे में आमूल-चूल परिवर्तन से प्रेरित है। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के कारखाने हों या खेत, हर प्रयास 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प से ही प्रेरित है।

केंद्रीय टीम

प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम आज अपने तीन दिवसीय दौरे पर आएगी। केंद्रीय टीम तीन दिन तक मंडी जिला के धर्मपुर, थुनाग और करसोग का दौरा करेगी तथा भारी बारिश व भूस्खलन से हुए नुकसान का जायजा लेगी। गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थसारथी की अगुवाई में आने वाली उच्च स्तरीय टीम आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान की रिपोर्ट तैयार करेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हाल ही में दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय भूतल व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर प्रदेश के लिए विशेष राहत पैकेज देने की मांग की थी।

अधिक ब्यौरा हमारे शिमला जिला संवाददाता से ——— ''35''

*30 जून की रात को भारी बारिश भूस्खलन व बादल फटने की घटनाओं से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए आज केंद्र सरकार की तरफ से उच्च स्तरीय टीम हिमाचल प्रदेश पहुंचेगी जो मंडी जिला के स्वराज धर्मपुर नाचन करसोग सहित अन्य इलाकों का दौरा कर नुकसान का जायजा लेगी गृह मंत्रालय की तरफ से गठित इस टीम में सड़क ग्रामीण विकास जल शक्ति व कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल है टीम आपदा ग्रस्त गांव का निरीक्षण कर क्षति का आकलन करेगी और केंद्र सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी रिपोर्ट के आधार पर राहत पैकेज वह आर्थिक सहायता की घोषणा केंद्र सरकार कर सकती ळे आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से मैं योगराज शर्मा*

दिशा बैठक

ऊना जिला विकास समन्वय निगरानी समिति, दिशा की त्रैमासिक बैठक आज पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित होगी। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि बैठक में केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन से बाधित हुई सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। 20 जून से लेकर अब तक इस मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 अन्य अभी भी लापता हैं।

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है। विभाग ने 21 से 23 जुलाई तक राज्य के कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से</u>

अमर उजाला का शीर्षक है–आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने आज मंडी आएगी केंद्रीय टीम, शाह भी जल्द आएंगे।

पंजाब केसरी ने हाईकार्ट के हवाले से ख़बर को सुर्खी दी है–हिमाचल को दिए पांच सौ 21 करोड़ 68 लाख रुपये के खर्चे की जांच करे केंद्र।

दिव्य हिमाचल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–हिमाचल सरकार ने हक की लड़ाई के लिए किशाऊ प्रोजेक्ट पर लगाई तीन शर्तें। हिमाचल दस्तक के मुताबिक– आपदा प्रभावित लोगों को गैर वन भूमि में बसाएगी सरकार।

दैनिक भास्कर के अनुसार–मॉनसून में अब तक एक हजार दो सौ 20 करोड़ रुपए का नुकसान, दो सौ 50 सड़कें अब भी बंद। आपका फैसला के शब्द हैं–हिमाचल में 20 जुलाई से मॉनसून फिर सक्रिय होगा।

———————